भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 377 का उत्तर

वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराये पर राजसहायता

377. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल टिकटों पर दी गई राजसहायता (रियायत) को बहाल करने की कोई योजना है जिसे कोविड के समय हटा दिया गया था; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएँ उपलब्ध करवाने का प्रयास करती है तथा 2022-23 में यात्री टिकटों पर 56,993 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई थी। यह राशि रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को औसतन 46% रियायत के बराबर है। यह सब्सिडी सभी यात्रियों को दी जा रही है। इसके अलावा, दिव्यांगजनों की 4 कोटियों, रोगियों की 11 कोटियों और विद्यार्थियों की 8 कोटियों जैसी कई कोटियों के लिए इस सब्सिडी राशि के अतिरिक्त भी रियायतें दी जा रही हैं।

****

s.k